## ब्रीफ न्यूज

### सीमा देवी को सौंपी प्रधान की कमान

**नादौन ।** राजकीय उच्च पाठशाला जीवाणी में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन मुख्यअध्यापिका सुशील कुमारी गौत्तम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान सीमा देवी को प्रधान तथा अंजू वाला, सुमन, नीलम, सुनील व विपिन को सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर मलकीत सिंह, अशोक, कमलजीत, नीरज, भुपेश आदि उपस्थित थे।

### अमतर में हुआ भगवती जागरण

**नादौन।** बेला पंचायत में क्रिकेट स्टेडियम के पास शिव मंदिर अमतर में आज पांच मई को भगवति का जागरण होगा। जानकारी देते मास्टर किशन चंद ने बताया कि कल छह मई को सुबह यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज

**सुजानपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हमीरपुर की मासिक बैठक 5 मई शुक्रवार को 11 बजे तहसील के सामने पी डब्लयूडी रैस्ट हाऊस में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में होगी। इसमें केसीसी बैंक के उपाध्यक्ष कुलदीप पठानिया व ज़िला अध्यक्ष नरेश ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों व अग्रणी संगठनों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### मटाहणी में स्वच्छता अभियान




**हमीरपुर।** सीसे स्कूल मटाहणी में स्वच्छता पखवाडा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्कूल की प्राचार्य कमलेश ठाकुर ने अभियान का शुभारंभ किया । एनएसएस प्रभारी चंद्र रेखा टुको कलब प्रभारी,ओम प्रकाश राणा स्काउट एंड गाइड प्रभारी,पवन वाला की देख रेख में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापकों में सीमा अग्रिहोत्री,सुनील चंदेल,बंदना कुटलैहीया,शालिनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बाहन्वीं में चला सफाई अभियान



**भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाह्ल्वी की एनएसएस इकाई ने पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत बाहन्वीं बाजार से बाहन्वी गावं तक सफाई अभियान चलाया । इसमें पाठशाला के 70 स्वयं सेविओं ने हाथों में झाड़ू तथा बैनर लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हए रास्ते के दोनों तरफ पड़े रेपेर्स, कागज, प्लास्टिक की बोतलों आदि को उठा कर डस्ट बिन में डाला । बाद में एकत्रित की गई सारी सामग्री को बड़े गढ्डों में डाला गया । इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील कुमार शामा ने इलाके में समय-समय पर लोगों को सफाई के लिए जागृत करने के लिए एनएसएस द्वारा चलाये जाने वाले अभियानों के लिए कार्यक्रम अधिकारी नरदेव सिंह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा की आने वाले समय में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

### स्वीप अभियान के तहत मतदान के लिए जागरूक किया

**नादौन।** सीनियर सैकेंडरी स्कूल रैल में आज स्वीप कंपेन के तहत मतदान का उचित प्रयाग करने के लिए 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राओं एवं प्रिंसीपल शकुंतला ठाकुर के साथ प्रवक्ता अनिल शर्मान ने भी अपने विचार प्रक्ट करतेहुए कहा कि अपने मत का प्रयोग हमें किसी के प्रीाव या लालच में आकर अथवा दबाव में नहीं करना चाहिए अपितु प्रगतिशील विकासवादी और समाज एवं राष्ट्र के प्रति कल्याणकारी कार्य करने वाले योग्य उम्मीदवार को आगे लाने के लिए करना चाहिए। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

### लोहाखर में निकाली स्वच्छता रैली




**टौणी देवी।** ग्राम पंचायत गवारडू के तहत लोहाखर में उपप्रधान जीवन सिंह सकलानियां की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के तहत रैली निकाली गई। पंचायत उपप्रधान ने इस दौरान लोगों से आग्रह किया कि वह पंचायत को स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग प्रदान करें। जहां हरियाली होगी वहां पर खुशहाली होगी। रैली में महिला मंडल की प्रधान मंजू देवी, बाहल की प्रधान राजकुमारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व वार्ड सदस्य भी इस दौरान मौजूद रहे। राजकीय उच्च पाठशाला लोहाखर के शिक्षक व छात्रों ने भी इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

### भू-मालिकों की सुनवाई 11-12 को

**टौणी देवी।** भोरंज एसके पराशर ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय उच्च मार्ग-70 हमीरपुर से अवाहदेवी, आरडी 141 से 163 के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण 3-डी अधिसूचना संख्या 2822 दिनांक 1 दिसंबर, 2016 के तहत किया जा चुका है, जिसकी पालना में विभाग द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि के मुआवजा के लिए दस्तावेजों को तैयार किया जाना अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपमंडल अधिकारी नाद्ध भोरंज द्वारा अधिसूचित भूमि के मालिकों के दावों आपत्तियों की सुनवाई गांव बराड़ा, सपनेहड़ा, पंजोत में 11 मई को और गांव ललयार, गगेहड़ी, समीरपुर और बगवाड़ा में 12 मई को सुबह 11 बजे तहसील कार्यालय टौणी देवी में होगी।

# अब कृषि हब बनने की राह पर हमीरपुर

सुरेश कुमार। हमीरपुर

- जायका कर रहा किसानों का सहयोग
- प्रवासी किसानों की मेहनत भी बनी मार्गदर्शक



**शिक्षा** के हब के रूप में ख्याति पा चुका हमीरपुर अब कृषि हब बनने की ओर अग्रसर हो गया है। इसमें सरकार के साथ-साथ प्रवासी मजदूर भी मार्गदर्शक बने हैं।

कुछ साल पहले लोगों ने अपनी जमीन में कार्य करना लगभग नजरअंदाज कर दिया था। इसी दौरान जिले में प्रवासी मजदूरों की संख्या में भी इजाफा हुआ। इनमें से कई लोग वीरान पड़ी जमीन को लीज पर लेकर सब्जी उत्पादन से जुड़ गए। हमीरपुर में अभी भी ऐसे लोग कार्य कर रहे हैं और ताजी सब्जी बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। यही लोग अब हमीरपुर के निवासियों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत बन गए हैं। इसके अलावा किसानों को मजबूत करने के लिए कृषि विभाग का जायका प्रोजेक्ट भी कारगर साबित हुआ है। हमीरपुर में कृषि करने का तरीका भी अब बदलना भी शुरू हो गया है। हमीरपुर का किसान जापान के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर सिंचाई, एवं कृषि के महत्वपूर्ण टिप्स सीख रहा है। उल्लेखनीय है कि जापान इंटरनेशनल को आपरेशन एजेंसी (जायका) जिले के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है । किसानों का जैविक तरीके से नकदी फसलों की तरफ रूझान बढा है । नकदी फसलों के उत्पादन से किसानों की आर्थिकी मजबूत हो रही है । सरकार भी किसानों को नकदी फसलों के उत्पादन के लिए कई योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है। हमीरपुर जिला में फसल विविधिकरण के तहत जायका जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण कर किसानों को जैविक खेती के तरीके सिखा रही है । उपमंडल बड़सर में करीब 6 लघु सिंचाई योजनाओं को चलाया जा रहा है। इनमें से कुछ योजनाओं का काम जारी है तथा कुछ का फायदा क्षेत्र के किसानों को मिलना शुरू हो गया है ।

इन लघु सिंचाई योजनाओं से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई है। क्षेत्र के किसान गेंहू, मक्की, गन्ना इत्यादि फसलों के साथ-साथ अब नकदी फसलों को भी उगा रहे हैं। किसान नकदी फसलें उगाकर बाज़ार में बेचकर अच्छा आमदनी कमा रहे हैं। उपमंडल के किसानों ने नकदी फसलों की तरफ अपना रूझान बढ़ाया है । उपमंडल के गांव चलैली में दर्जनों ऐसे किसान हैं जो सीजन अनुसार नकदी फसलों टमाटर, मटर, खीरा, आलू, प्याज, गोभी, शिमला मिर्च, भिंडी, घिया, कद्दू इत्यादि फसलों का उत्पादन कर बाजारों से हजारों रुपये कमा कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। आज के समय में बाजारों में देशी सब्जियों की मांग दो गुणा से ज्यादा बढ़ चुकी है। सरकारी नौकरी की आस छोड़ चुके युवा भी अब घर में ही खेती की तरफ ध्यान दे रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नकदी फसलों से उनकी आर्थिकी मजबूत हुई है ।

किसानों का कहना है कि जायका कंपनी से अपने खेतों में नकदी फसलों को उगाने की प्रेरणा मिली है । उनका यह भी कहना है कि उन्हें सबसे ज्यादा दिक्कत फसलों की सिंचाई के लिए पानी की होती थी लेकिन जायका ने लघु सिंचाई योजना का निर्माण कर उनकी तकदीर ही बदल दी है और किसान रासायनिक खेती को छोड़कर जैविक तरीके से नकदी फसलों को उगा रहे हैं।

# गैस सिलेंडर में 5 किलो पानी

हिमाचल दस्तक। नादौन

- उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

**घेरलू** रसोई गैस में की आपूर्ति में गोलमाल हो रहा है। कई रसोई गैस के सिलैंडरों में पानी निकल रहा है। जिसे लेकर जहां उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं वहीं विभाग की शाख को भी ठेस पहुंच रही है।

नादौन के वार्ड नंबर एक के रसोई गैस उपभोक्ता जोगिन्द्र सिंह सैणी ने बताया कि उनका रसोई गैस का सिलेंडर इस बार बहुत जल्दी खत्म हो गया जिसे लेकर वह दुविधा में पड़ गए। अंदेशा हुआ कि दाल में कुछ काला हो सकता है। रसोई गैस के खाली सिलैंडर का वजन किया तो 20 किलो से भी ज्यादा हुआ। खानी सिलेंडर का वजन करीब पांच किलो ज्यादा निकला। जब सिलेंडर को टेढ़ा किया तो उसमें से पानी निकलने लगा। विभाग की इस लापरवाही का समाज सेवी होशियार सिंह पराशर ने विभाग की गैस फिलिंग के मामले में बरती जा रही लापरवाही का खमियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं को वितीय व मासिक क्षति पहुंच रही है । उपभोक्ताओं का रसोई गैस के नाम पर शोषण हो रहा है। कई सिलेंडरों में पानी निकल रहा है तो कई सिलेंडरों ढकनों से रसोई गैस लीक होने की शिकायतें अक्सर मिलती रहती हैं। यह विभाग के फिलिंग विंग की लापरवाही है इसे दरूस्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हुए फिलिंग विंग को उचित दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की है। इस बारे में स्थानीय रसोई गैस एजैंसी के प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि यदि ऐसे मामले में रसोई गैस का सिलेंडर इस्तेमाल नहीं किया गया हो तो उसे बदला जा सकता है।

### नसीब बने अध्यक्ष

**गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कश्मीर में वीरवार को स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन स्कूल प्रधानाचार्य दलजीत सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस बैठक का मुख्य उदेश्य स्कूल प्रबंधन समिति का गठन करना था। बैठक में नसीब सिंह को सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। सतीश कुमार, पवन कुमार, किशोरी लाल, अंजू शर्मा, रीना देवी, नजमा बेगम, प्रकाश चंद, अशोक कुमार, सुमन बाला, सीमा देवी, राजिंदर कुमार, मिलाप सिंह, पुष्प देवी, सुनीता देवी को समिति का सदस्य चुना गया । समिति सदस्यों को प्रधानाचार्य दलजीत सिंह ने बधाई दी।

## कर्मचारी चयन आयोग ने जारी किया माइनिंग इंस्पेक्टर का परीक्षा परिणाम

**हमीरपुर।** हि.प्र कर्मचारी चयन आयोग ने वीरवार को माइनिंग इंस्पेक्टर पोस्ट कोड़ (489) की ली गई परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में ये 13 अभ्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

489000001, 489000015, 489000080, 489000110, 489000126, 489000136, 489000137, 489000160, 489000169, 489000173, 489000174, 489000181, 489000217

### एनवायरनमेंट ऑफिसर का परीक्षा परिणाम भी घोषित

**हमीरपुर।** हि.प्र कर्मचारी चयन आयोग ने वीरवार को जूनियर ऑफिसर एनवायरनमेंट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में ये 14 अभ्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

509000001, 509000023, 509000030, 509000063, 509000109, 509000128, 509000130, 509000159, 509000190, 509000204, 509000206, 509000210, 509000225, 509000233

# मेडिकल कॉलेज की भूमि को मंजूरी : कमलेश

हिमाचल दस्तक। नादौन

- कांग्रेस नेता ने भरमोटी में सुनी समस्याएं

**भरमोटी** पंचायत में जन समस्याएं सुनने पहुंची हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य कमलेश ठाकुर का भरमोटी की स्थानीय जनता ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके पर पंचायत प्रधान निशु जाट एवं युवक मंडल भरमोटी ने स्मृति चिन्ह देकर और महिला मंडल की प्रधान सुमना देवी ने शाल और टोपी पहना कर प्रदेश कांग्रेस सदस्य कमलेश ठाकुर को सम्मानित किया। उन्होंने मौके पर पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी और कुछ समस्याओं का निपटारा मौके पर कर दिया तथा अन्य बड़ी समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष उठा कर उन्हें हल करने का आस्वासन दिया। स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सदस्य कमलेश ठाकुर ने कहा कि नादौन विधानसभा में विकास कार्य स्वर्गीय नारायण चंद पराशर और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुश्ल नेतृत्व की बदौलत हो पाया है। भाजपा के नेता चुनावों के समय बड़े बड़े वादे करते हैं और वोट लेने के बाद जनता से तरह तरह के बहाने बनाना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू द्वारा मंजूर करवाए गए जोलसप्पड़ में मेडिकल कॉलेज की भूमि को सैद्धान्तिक मंजूरी मिलने पर नादौन की जनता को बधाई दी।उन्होंने कहा कि ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू की मेहनत रंग लाई है और अब नादौन वासियों को हिमाचल से बाहर पीजीआई तथा अन्य स्थानों में भटकना नहीं पड़ेगा।

नादौन में जहाँ रोज़गार के साधन उत्पन होंगे वहीं नादौन वासियों का हज़ारों लाखों रुपयों की बचत होगी और नादौन में आर्थिक सम्रद्धि आएगी। पंचायत प्रधान निशु जाट ने कमलेश ठाकुर का उनकी पंचायत में समस्याओं को सुनने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में वह और सब भरमोटी के कांग्रेस जन व कार्यकर्त्ता कंधे से कंधा मिलाकर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू को भारी बहुमत से जिताएंगे। उन्होंने कहा कि भरमोटी में आज तक हुए जितने भी विकास कार्य हुए हैं वह कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू द्वारा करवाए गए हैं और आगे भी करवा रहे हैं।

इस मौके पर उनके साथ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वी चंद, बीडीसी चेयरमैन सुनील दत्त बिट्टू, पंचायत प्रधान निशु जाट, बीडीसी सदस्य विक्रम कटोच,बूथ प्रभारी नीटू, महिला मंडल प्रधान सुमन, विजय ठाकुर,रिंकू, मुकेश, शम्मी, बंटी, जोगी सेठी, मोंटी संधू, ममता,गोला देवी, रजनी ठाकुर, ओमी ठाकुर, आदि मौजूद थे।

### बिझड़ी स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

**बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रधानाचार्य अनिल कुमार के नेतृत्व में पाठशाला की एनएसएस इकाई सहित सभी विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । सर्वप्रथम पाठशाला स्टाफसहित बच्चों ने स्कूल परिसर,क्यारियों, कक्षा के कमरों की साफ- सफाई की तथा स्कूल की पेयजल टंकियों को साफकिया गया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि उनका स्कूल इस अभियान को जारी रखेगा।



*नगर परिषद हमीरपुर ने अपने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन की व्यवस्था की। नप अध्यक्ष सलोचना देवी व उपाध्यक्ष दीप कुमार बजाज ने अपने पार्षदों सहित इन कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अहम सहभागिता स्वच्छता अभियान मे निभाते हैं। इन्हीं की बदौलत आज स्वच्छ समाज है। यह कर्मचारी नहीं होते तो आज हम स्वच्छ नहीं होते*


## ग्राम पंचायत कथेट
विकास खंड भटियात, जिला चंबा (हि.प्र.)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कथेट द्वारा स्ट्रीट लाईट/ सोलर लाईट हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन लाईटों की निविदाएं ग्राम पंचायत कथेट के कार्यालय में डाक द्वारा भेजें। यह निविदाए 08-05-2017 को समस्त ग्राम पंचायत सदस्यों के सामने खोली जाएंगी। आवेदन कर्त्ताओं का टिन नं. होना अनिवार्य है। यह निविदाएं दिनांक 08-05-2017 तक प्राप्त की जाएंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत कथेट
विकास खंड भटियात, जिला चंबा

सचिव
ग्राम पंचायत कथेट
विकास खंड भटियात, जिला चंबा

INOX WIND

**INOX WIND LIMITED**
CIN L31901HP2009PLC031083
**Registered Office:** Plot No. 1, Khasra No. 264 to 267, Industrial Area, Village - Basal, District Una – 174 303, Himachal Pradesh, India, **Phone:** 01975-272001
**Fax:** 01975-272001, **Email**: investors.iwl@inoxwind.com; **Website:** www.inoxwind.com

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, the 12th May, 2017, inter-alia, to consider, approve and take on record the Standalone and Consolidated Audited Financial Results of the Company for the quarter and financial year ended 31st March, 2017.
The above information is also available on the website of the Company www.inoxwind.com, BSE www.bseindia.com and NSE www.nseindia.com.

For **Inox Wind Limited**
Sd/-
**Deepak Banga**
Company Secretary

Place: Noida
Date: 04th May, 2017


# नादौन अस्पताल भवन का कार्य एक वर्ष से ठप

## बजट के अभाव में लटका है भवन का काम

हिमाचल दस्तक। नादौन

- भाजपा की महिला नेता ने उठाया मामला
- सरकार से ध्यान देने की उठाई मांग

**नादौन** के अस्पताल भवन का निर्माण कार्य सिविल अस्पताल तथा रैफरल अस्पताल के बजट के माथापच्ची में उलझकर पिछले एक वर्ष से ठप्प पड़ा है। यह जानकारी देते भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव कविष्वा कौशल ने बताया कि पांच वर्ष से भाजपा सरकार बदलने तथा बजट समय पर उपलब्ध न होने के चलते नादौन अस्पताल के भवन के निर्माण में प्रायः रोड़े अटकते आ रहे हैं। अब करीब दो करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन के निर्माण कार्य पर बजट के न होने से कार्य ठप्प होने के बादल मंडराने लगे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में तात्कालिक मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने इस भवन का शिलान्यास किया था। उसके उपरांत निर्माण कार्य चालू कर दिया गया था। इस दौरान इस अस्पताल को रैफरल से सिविल अस्पताल का दर्जा दे दिया गया जिसके चलते कांग्रेस सरकार ने निर्माण कार्य का बजट सिविल अस्पताल की क्षमता के अनुरूप बना दिया गया।

इसके बाद सरकार ने एक बार फिर इस अस्पताल का दर्जा बढ़ाकर रैफरल तो कर दिया गया जिसके चलते बजट को रैफरल अस्पताल के अनुसार बढ़ाए जाने की साथ-साथ आवश्यकता थी जिसकी लेटलतीफी के चलते इस भवन का निर्माण कार्य अब ठप्प हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस भवन की दो मंजिलों का अधूरा निर्माण कार्य हो चुका है जबकि बजट के अभाव में काम अटका हुआ है। कविष्वा कौशल ने कहा कि अस्पताल हमीरपुर, ऊना तथा कांगड़ा की सीमा पर है इस पर तीन जिलों के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहने का दबाव रहता है। लेकिन भवन के अभाव में रोगियों को या तो उचित सुविधा नहीं मिल पाती है या फिर फिर दूरस्थ अस्पतालों और निजी क्लीनिकों की शरण लेनी पड़ती है। उन्होंने मांग है कि सरकार इस ओर शीघ्र ध्यान दे।


## दि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित कांगड़ा इकाई-ढगवार

सं. एच.एम.एफ.कां-IV-पी एण्ड आई-21/92- दिनांक 04/05/2017

दुग्ध परिवहन निविदा

दि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित की कांगड़ा इकाई ढगवार के अन्तर्गत दुग्ध परिवहन मार्ग के लिए निविदायें, जिनका विवरण नीचे दिया गया है, के अनुसार दुग्ध परिवहन हेतु भाडे पर वाहन उपलब्ध करवाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा रजिस्टडर्ड पत्र द्वारा निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| क्र.सं. | परिवहन मार्ग का नाम | भार उठाने की क्षमता | गाड़ी की किस्म | अनुमानित दूरी (लगभग) | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ढगवार-रानीताल-देहरा-घयोरी व वापिस ढगवार | 200 से 400 लीटर दूध उठाने की क्षमता हो | महिन्द्रा पिकअप व समकक्ष | 124 कि.मी. | 1 वर्ष |
| 2 | ढगवार-मटौर-कांगड़ा-टांडा-गगल सराह व वापिस दु.सं. ढगवार | 200 से 400 लीटर दूध उठाने की क्षमता हो | ऐस जीप/छोटा हाथी व समकक्ष | 55 कि.मी. | 1 वर्ष |
| 3 | ढगाचार-नगरोटा-बिन्द्राबन व वापिस | 200 से 500 लीटर दूध उठाने की क्षमता हो | महिन्द्रा पिकअप व समकक्ष | 72 कि.मी. | 1 वर्ष |

निविदाएं दिनांक 29.5.2017 को सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए जो कि दिनांक 30.5.2017 को प्रातः 11.00 बजे प्रातः निविदाकर्ताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों जो उपस्थित होना चाहें के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा केवल अधिकृत प्रपत्र पर ही स्वीकार की जायेंगी जोकि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा शर्तों की प्रति सहित 200/- रु की अदायगी पर उपलब्ध है जोकि किसी भी कार्य दिवस वाले दिन 10 से 5 बजे तक दिनांक 6.5.2017 से 27.5.2017 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई हैं। परिवहन मार्ग के लिये अलग-अलग प्रपत्र पर निविदा होनी चाहिये तथा निविदा के साथ 5000/- रु (रुपये पांच हजार) का बैंक ड्राफ्ट हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ सीमित के नाम से किसी भी अनुसूचित बैंक का संलग्न हो जो कि गगल शाखा में देय होना चाहिए अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा केवल रजिस्टर्ड पत्र द्वारा ही भेजें अन्यथा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मन्जीत सहगल
प्रबन्धक (उत्पादन)
हि.प्र.दु. प्रसंध सीमित
कांगड़ा ईकाई ढगवार